आकाशवाणी श्री विजयपुरम

12.09.2026 समय : 1905

1. नई दिल्ली में आयोजित ब्रिक्स शिखर सम्मेलन के पहले ही दिन ब्रिक्स देशों ने सर्वसम्मति से नई दिल्ली घोषणापत्र को अपना लिया।
2. अंडमान निकोबार प्रशासन की ओर से सभी सरकारी कार्यालयों और शैक्षणिक संस्थानों में चौदह से अट्ठाईस सितंबर तक हिंदी पखवाड़ा मनाया जाएगा।
3. एनटीपीसी की ओर से "ऊर्जा संरक्षण–2026" विषय पर विद्यालयों में चित्रकला प्रतियोगिता का आयोजन किया जाएगा।
4. पर्यटन निदेशालय की ओर से शहीद द्वीप में विशेष सुविधा शिविर का आयोजन किया गया ।

<><><><><><><>

नई दिल्ली के भारत मंडपम् में आयोजित ब्रिक्स शिखर सम्मेलन 2026 के पहले ही दिन ब्रिक्स देशों ने सर्वसम्मति से नई दिल्ली घोषणापत्र को अपना लिया। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने शिखर सम्मेलन के पहले दिन सत्र के अंत में इस घोषणापत्र को अपनाने का प्रस्ताव रखा था। अपने समापन भाषण में प्रधानमंत्री ने कहा कि आज अपनाया गया नई दिल्ली घोषणापत्र सदस्य देशों के साझा संकल्प को स्पष्ट दिशा प्रदान करता है। उन्होंने कहा कि अब इन संकल्पों को ठोस परिणामों में बदलना उनकी साझा जिम्मेदारी है।

प्रधानमंत्री ने कहा कि ब्रिक्स देशों को अगले 20 वर्षों के लिए एक नए और महत्वाकांक्षी एजेंडे पर काम करना होगा। उन्होंने कहा कि यह प्रक्रिया समूह की अपनी कार्य प्रणाली से शुरू होनी चाहिए। ब्रिक्स के 20 वर्ष पूरे होने के उपलक्ष्य में, सदस्य देशों के नेताओं द्वारा इस अवसर पर दो स्मारक डाक टिकट भी जारी किए गए।

<><><><><><><>

अंडमान निकोबार प्रशासन की ओर से सभी सरकारी कार्यालयों और शैक्षणिक संस्थानों में चौदह से अट्ठाईस सितंबर तक हिंदी पखवाड़ा मनाया जाएगा। प्रशासन और केंद्र सरकार के कार्यालयों के अधिकारियों, कर्मचारियों और विद्यार्थियों के बीच राजभाषा हिंदी का व्यापक प्रचार–प्रसार करने के उद्देश्य से कई विशेष कार्यक्रमों की रूपरेखा तैयार की गई है। पूरे पखवाड़े के दौरान राष्ट्रीय नेताओं के राजभाषा संबंधी विचार प्रकाशित किए जाएंगे। इस दौरान स्कूल और कॉलेज विद्यार्थियों के लिए निबंध, भाषण और स्व–रचित कविता पाठ का आयोजन किया जाएगा। इसके अलावा विभागीय अधिकारियों और कर्मचारियों के लिए हिन्दी टंकण, टिप्पण, आलेखन जैसे प्रतियोगिताएं और कार्यशाला का आयोजन किया जाएगा। हिंदी पखवाड़ा का समापन समारोह 30 सितंबर को आयोजित किया जाएगा, जिसमें विभिन्न प्रतियोगिताओं के विजेताओं को प्रमाण पत्र और नकद पुरस्कार प्रदान कर सम्मानित किया जाएगा।

<><><><><><><>

हिन्दी साहित्य कला परिषद की ओर से आयोजित हिन्दी सप्ताह के समापन अवसर पर पुरस्कार वितरण समारोह का आयोजन किया जाएगा। कार्यकम सोलह सितम्बर को शाम छः बजे परिषद के परिसर में आयोजित होगा।

<><><><><><><>

ऊर्जा मंत्रालय, ऊर्जा दक्षता ब्यूरो के सहयोग से एनटीपीसी लिमिटेड द्वारा "ऊर्जा संरक्षण–2026" विषय पर विद्यालयों में चित्रकला प्रतियोगिता आयोजित की जा रही है। इसका उद्देश्य बच्चों में ऊर्जा दक्षता एवं संरक्षण के प्रति जागरूकता बढ़ाना है। प्रतियोगिता में कक्षा 5वीं से 10वीं तक के विद्यार्थी भाग ले सकते हैं। प्रतियोगिता को दो समूहों में बांटा गया है। स्कूल स्तर पर "विद्यालय और घर में ऊर्जा बचाएं" तथा "ऊर्जा संरक्षण ही ऊर्जा सुरक्षा की कुंजी है' विषय पर चित्रकला प्रतियोगिता आयोजित की जाएगी। राज्य, केंद्रशासित प्रदेश एवं राष्ट्रीय स्तर पर विजेताओं को नगद पुरस्कार प्रदान किए जाएंगे, जिसमें प्रथम पुरस्कार 50 हजार, द्वितीय 30 हजार और तृतीय पुरस्कार 20 हजार रूपये निर्धारित किया

गया है। इसके अलावा 10 सांत्वना पुरस्कार के रूप में प्रत्येक विजेता को सात हजार पांच सौ रूपये दिए जाएंगे। विद्यालयों से दोनों समूहों से दो–दो सर्वश्रेष्ठ चित्रों का चयन कर नोडल अधिकारी के पास 15 अक्टूबर तक जमा करने को कहा गया है। प्रत्येक समूह से चयनित शीर्ष 50 चित्रों का चयन राज्य व केन्द्रशासित प्रदेश स्तरीय चित्रकला प्रतियोगिता के लिए किया जाएगा। यह प्रतियोगिता श्री विजयपुरम में 14 से 21 नवम्बर के बीच आयोजित होगा।

<><><><><><>

पर्यटन निदेशालय ने उद्योग निदेशालय के सहयोग से कल शहीद द्वीप में विशेष सुविधा शिविर का आयोजन किया। इस शिविर का मुख्य उद्देश्य विश्व बैंक द्वारा सहायता प्राप्त रेजिंग एंड एक्सीलरेटिंग एमएसएमई परफॉर्मेंस–आर ए एम पी योजना के तहत जागरूकता बढ़ाना और सीधी वित्तीय सहायता प्रदान करना था। शिविर के दौरान 50 लाभार्थियों ने योजना का लाभ उठाने के लिए मौके पर ही आवेदन फॉर्म भरकर एमएसएमई के तहत अपना पंजीकरण कराया। कार्यक्रम का उद्देश्य शहीद द्वीप के साफ आसमान और न्यूनतम प्रकाश प्रदूषण के कारण इसे एस्ट्रो–टूरिज्म का प्रमुख केंद्र बनाना है। इसके तहत दूरबीन की खरीद और स्थापना के लिए लक्षित वित्तीय सब्सिडी दी जा रही है। शिविर के दौरान विभागीय अधिकारियों और KPMG टीम के सलाहकारों ने आवेदकों को दस्तावेज़ीकरण, पात्रता और संचालन मॉडल की जानकारी दी। इच्छुक लाभार्थी पर्यटन निदेशालय के योजना अनुभाग से आवेदन फॉर्म और विस्तृत गाइडलाइन प्राप्त कर सकते हैं।

<><><><><><>

प्रधानमंत्री मत्स्य संपदा योजना के तहत मत्स्य पालन विभाग की ओर से 'जलवायु सक्षम तटीय मछुआरा गांव' पहल के तहत डिगलीपुर में तीन दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किया जा रहा है। यह प्रशिक्षण कार्यक्रम राष्ट्रीय मत्स्योत्तर प्रौद्योगिकी एवं प्रशिक्षण संस्थान, कोच्चि के सहयोग से 'समुद्री भोजन से मूल्यवर्धित उत्पादों का विकास' विषय पर आयोजित किया जा रहा है। इसमें कुल 25 लाभार्थी भाग ले रहे हैं। कार्यक्रम का उद्देश्य महिला मछुआरों को समुद्री भोजन के प्रसंस्करण, संरक्षण, गुणवत्ता और विपणन में व्यावहारिक प्रशिक्षण देना है।

<><><><><><>

खेल एवं युवा मामले निदेशालय ने शिक्षा निदेशालय और सूचना, प्रचार तथा पर्यटन निदेशालय के सहयोग से, आज नॉर्थ बे मिनी मैराथन का आयोजन किया। 10 किलोमीटर पुरुष एवं महिला ओपन रेस चूनाभट्टा से नॉर्थ बे बीच होते हुए वापस चूनाभट्टा में समाप्त हुई। इस दौड़ में आम नागरिकों, स्कूल और कॉलेज के छात्रों ने भाग लिया। पुरूष वर्ग को माई भारत के संयुक्त निदेशक सुखरंजन बिश्वास ने, जबकि महिला वर्ग को ग्राम पंचायत विम्बर्लीगंज के प्रधान वेंकट राम बाबू ने हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। समापन समारोह के दौरान दोनों श्रेणियों में प्रथम, द्वितीय और तृतीय स्थान प्राप्त करने वाले विजेताओं को पदक और ट्रॉफी प्रदान की गईं। इस अवसर पर सहायक खेल निदेशक वी. रंजीत कुमार ने सभी प्रतिभागियों और सहायक अधिकारियों का आभार व्यक्त किया।

<><><><><><>

पॉडिचेरी विश्वविद्यालय की स्नातक और स्नातकोत्तर परीक्षाएं नवंबर और दिसंबर में आयोजित की जाएंगी। ये परीक्षाएं जवाहर लाल नेहरू राजकीय महाविद्यालय में होंगी। पात्र और इच्छुक विद्यार्थी 15 से 30 सितंबर तक जे.एन.आर.एम. कॉलेज के परीक्षा विभाग में अपना पंजीकरण करा सकते हैं।

<><><><><><>